# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में बुमराह की होगी वापसी

**धर्मशाला (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमरा को रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से ब्रेक दिया गया था जिसमें भारत ने इंग्लैंड पर 5 विकेट से अविश्वसनीय जीत दर्ज की। रिपोर्ट्स के मुताबिक बुमराह सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच के लिए धर्मशाला में वापसी करेंगे, लेकिन टीम प्रबंधन अन्य खिलाड़ियों के कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव कर सकता है।**



रिपोर्ट के अनुसार रजत पाटीदार खराब प्रदर्शन के बावजूद प्लेइंग 11 में हो सकते हैं। वहीं केएल राहुल को इलाज के लिए लंदन भेजा गया है और उनके पांचवें टेस्ट में भी चूकने की संभावना है। ऐसे में देवदत्त पडिक्कल को अपनी पहली टेस्ट कैप मिल सकती है और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि टीम प्रबंधन इन-फॉर्म बल्लेबाजों में से किसी को ब्रेक देगा या नहीं। एक गेंदबाज को ब्रेक भी मिल सकता है। धर्मशाला की सतह तेज गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, इसलिए रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा या कुलदीप यादव में से किसी एक को ब्रेक दिया जा सकता है। दूसरी और रांची टेस्ट के बाद सभी भारतीय क्रिकेटर अपने घर लौट गए हैं क्योंकि बीसीसीआई ने उन्हें 2 मार्च को चंडीगढ़ में फिर से इकट्ठा होने के लिए कहा है। इंग्लैंड के खिलाड़ियों को भी यही सूचना मिली है क्योंकि दोनों टीमें 3 मार्च को चार्टर्ड फ्लाइट के जरिए धर्मशाला के लिए उड़ान भरने वाली हैं। पांचवां टेस्ट 7 मार्च से शुरू होगा।

रिपोर्ट के अनुसार कुछ अन्य खिलाड़ियों को आराम दिए जाने से बुमराह की शुरुआती एकादश में वापसी होगी। भारत के तेज आक्रमण की अगुवाई बुमराह ही करेंगे। हालांकि, वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण भारतीय उपकप्तान को चौथे टेस्ट में आराम दिया गया था। लेकिन अब जब सीरीज कुछ और दिनों के ब्रेक के साथ खत्म होगी तो बुमराह एक्शन में लौटेंगे। रांची टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी में बंगाल के गेंदबाज आकाश दीप को टेस्ट डेब्यू का मौका मिला था। जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया। उन्होंने सिराज के साथ जोड़ी बनाई और बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं धर्मशाला में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की स्थिति में बुमराह की वापसी तय मानी जा रही है।

## *इलाज के लिए लंदन पहुंचे राहुल*

*लंदन (एजेंसी)। भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे। दरअसल, उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। जिस कारण अब वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। भारतीय टीम सीरीज जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिये उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा कि, वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।*



खास-खबरें

## हेम्प, एडम्स होंगे बंगलादेश के बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच



**ढाका (एजेंसी)।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने डेविड हेम्प और आंद्रे एडम्स को दो साल के अनुबंध पर क्रमशः बंगलादेश का नया बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। वे अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से अपने सेवा शुरु करेंगे। काउंटी क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हेम्प ने बरमूडा के लिए 24 एकदिवसीय मैच खेले, पिछले वर्ष न्यूजीलैंड दौरे के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच थे। सीनियर टीम में इस पदोन्नति से पहले वह मई 2023 में उच्च प्रदर्शन वाले मुख्य कोच के रूप में बीसीबी में शामिल हुए थे। वह 2020 से 2022 तक पाकिस्तान महिला टीम के भी मुख्य कोच रहे थे।

## बेयरस्टो का 100वां टेस्ट उनके लिए होगा भावनात्मक : मैकुलम

**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पुष्टि की कि संघर्षरत बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो धर्मशाला में भारत के खिलाफ पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे जो उनका 100वां मैच भी होगा। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड सीरीज में 1-3 से पहले ही श्रृंखला गंवा चुका है। मैकुलम ने कहा कि हां, वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। जॉनी को भी मील का पत्थर पसंद है। वह इससे पीछे नहीं हटेंगे। वह खेलेंगे। यह उनके लिए वास्तव में भावनात्मक होगा। हर कोई जॉनी की कहानी जानता है और जैसा कि आप लोग जानते होंगे कभी-कभी यह काफी भावुक चरित्र होता है और इस तरह के बड़े पड़ाव उसके लिए बहुत मायने रखते हैं। यह उसके लिए वास्तव में भावनात्मक समय होगा और हम इसे उसके साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। 99 टेस्ट और 176 पारियों में बेयरस्टो ने 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं।



बीसीसीआई ने जारी की खिलाड़ियों की लिस्ट

## रोहित, विराट, बुमराह ए प्लस ग्रेड में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई की तरफ से साल 2023-24 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की नई लिस्ट जारी कर दी गई है। इस कॉन्ट्रैक्ट में विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह ने अपने कांट्रैक्ट को दोबारा हासिल किया है। जबकि स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल समेत श्रेयस अय्यस और ईशान किशन को बोर्ड ने कांट्रैक्ट से बाहर कर दिया है। कहा जा रहा है कि, ईशान किश और श्रेयस अय्यर को बोर्ड की नाफरमानी करने की सजा भुगतनी पड़ रही है।



ग्रेड ए+ - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, ग्रेड ए - आर अश्विन, मोहम्मद शमी, केएल राहुल, शुबमन गिल और हार्दिक पंड्या। ग्रेड ब्क- सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल। ग्रेड ष्ट - रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार। वहीं बोर्ड ने तेज गेंदबाजों को अलग से कॉन्ट्रैक्ट देने की सिफारिश की है। जिसमें आकाश दीप, विजयकुमार वैश्यक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा। गौरतलब है कि, ग्रेड ए खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ जबकि ग्रेड ए प्लेयर को तीन करोड़ रुपये मिलते हैं। ग्रेड सी खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं।

## कॉनवे चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे टी20 सीरीज के दौरान अंगूठे में लगी चोट के कारण गुरुवार से यहां बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को बल्लेबाजी कवर के रूप में टीम में बुलाया गया है और वह आज सुबह प्रशिक्षण के लिए वेलिंगटन में टीम में शामिल होंगे।



कॉनवे को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और फिन एलन ने शेष पारी के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को कहा कि कॉनवे को बाहर करने का फैसला कल वेलिंगटन में अतिरिक्त स्कैन के बाद किया गया, जिसमें उनके बाएं अंगूठे को नुकसान होने का पता चला। चोट का पता लगाने के लिए आगे के चिकित्सा परामर्श के बाद सप्ताह के अंत में एक और अपडेट लिया जाएगा। कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेवोन के लिए एक महत्वपूर्ण मैच की पूर्व संध्या पर बाहर होना निराशाजनक है। वह हमारे लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करने वाला शानदार खिलाड़ी है और मुझे पता है कि वह वास्तव में इस श्रृंखला का इंतजार कर रहा था।

## युवा खिलाड़ियों ने बता दिया विराट, बुमराह और शमी की जरूरत नहीं: गावस्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुनील गावस्कर का कहना है कि भारत के युवा खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है कि उन्हें टेस्ट सीरीज जीतने के लिए विराट, बुमराह और शमी की जरूरत नहीं है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में बड़े नामों के बिना खेल रही है। हालांकि इसके बावजूद यंग प्लेयर्स की बदौलत भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फिलहाल भारतीय टीम 4 मैचों के बाद 3-1 से आगे है। विराट व्यक्तिगत कारणों से सीरीज से बाहर है जबकि शमी चोट से जूझ रहे हैं। विराट और शमी के अलावा केएल राहुल शुरुआती टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह 3 मैच नहीं खेल पाए। पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। विज़ाग टेस्ट से रवींद्र जडेजा भी बाहर रहे थे लेकिन इसके बावजूद भारतीय युवा प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत को जीतने के लिए बड़े नामों की नहीं बल्कि बड़े दिल की जरूरत है।



## तीन महीने बाद ईशान ने की मैदान पर वापसी, बनाए महज 19 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पिछले तीन महीने बाद क्रिकेट खेलते हुए नजर आए। ईशान ने डीवाई पाटिल कप 2024 रुट मोबाइल लिमिटेड के खिलाफ आरबीआई का नेतृत्व किया। करीब तीन महीने बाद ईशान किशन मैदान पर उतरे हैं। उन्होंने पिछले साल अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। डीवाई पाटिल टी20 कप में आरबीआई के लिए खेलते हुए ईशान ने विकेटकीपिंग की, एल्कीन बल्लेबाजी में वह कमाल करने में असफल रहे और 19 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए।

## हॉकी इंडिया ने गुटबाजी और मतभेद के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिये वे मिलकर काम करते रहेंगे।**



हॉकी इंडिया द्वारा जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। हॉकी के हित के लिये हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिये गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये हर तरह का सहयोग दिया जाता है। बयान में कहा गया कि महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रूख रखा है।

## विदर्भ सेमीफाइनल में भिड़ेगा मध्यप्रदेश से

**नागपुर (एजेंसी)।** आदित्य सरवटे और हर्ष दुबे की घातक गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ रणजी ट्रॉफी 2024 के क्वार्टरफाइनल में कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गया है। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड पर 371 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक की टीम को आदित्यग सरवटे और हर्ष दुबे बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए 243 रन पर समेट दिया। इस जीत के साथ विदर्भ का सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश से भिड़ेगा।

## जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में 12वें स्थान पर

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में वापस आ गए हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इसी सूची में 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



भारत की पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त लेने के लिए कड़ी मेहनत से हासिल पांच विकेट की जीत के बाद बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की गई। पूर्व शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रूट ने पहली पारी में नाबाद 122 रन की पारी खेली और वह दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए, इसके अलावा वह ऑलराउंडरों में तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के जायसवाल, जिन्होंने श्रृंखला की शुरुआत 69वें स्थान से की थी, 73 और 37 के स्कोर के बाद तीन पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्लेयर ऑफ द मैच, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के 90 और 39 के स्कोर ने उन्हें 31 स्थान ऊपर उठाकर 69वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान ऊपर 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिनका नेतृत्व अभी भी न्यूजीलैंड के केन विलियमसन कर रहे हैं।

गेंदबाजों की सूची में, रांची टेस्ट से आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में, अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की दूसरी पारी में पांच विकेट ने उन्हें अपना दूसरा स्थान बरकरार रखते हुए 21 रेटिंग अंकों के अंतर को कम करने में मदद की है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव (10 पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और इंग्लैंड के शोएब बशीर (38 पायदान ऊपर 80वें स्थान पर) ने भी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पुरुषों की एकदिवसीय रैंकिंग में, सबसे बड़े मूवर नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ट्ज़ रहे हैं, जिन्होंने कीर्तिपुर में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 ट्राई-सीरीज़ में नेपाल के खिलाफ 31 रन पर चार विकेट और नीदरलैंड के खिलाफ 15 रन पर दो विकेट लिए, जिससे वह 11वें स्थान और 642 रेटिंग अंक पर पहुंच गए हैं, जो एकदिवसीय क्रिकेट में नामीबिया के किसी खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च स्थान और अंक हैं। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने पिछले हफ्ते नामीबिया के खिलाफ 34 रन पर छह विकेट के बाद 2-41 और 3-16 के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में अपना सफर जारी रखा और संयुक्त 36वें स्थान पर पहुंच गए।

## बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीती, सुमित नागल को मिली हार

**दुबई (एजेंसी)।** टॉप वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को सीधे सेटों में हराया। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा41 मिनट तक चले मैच में 7 . 6, 7 . 6 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को 6 . 7, 6 . 3, 10 . 8 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मरे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो 4 . 6, 7 . 5, 1 . 6 से हारकर बाहर हो गए।



A.S.E. COLLEGE OF EDUCATION BHOPAL

Affiliated to Barkatullah University & B.S.E., Bhopal Gram Nandni Ratibad, Bhopal

0755-4296215 Email: aseb219@gmail.com

APPOINTMENT : Teaching Post

| | Sub. | No of Vacancies | Essential Qualification |
|---|---|---|---|
| B.Ed. | Principal | 01 | Qualification as NCTE/UGC/State Govt. Norms. |
| | Perspective in Education | 03 | |
| | Pedagogy of Maths | 02 | |
| | Pedagogy of Science | 01 | |
| | Pedagogy Social Science | 02 | |
| | Pedagogy of English | 01 | |
| | Performing Arts/fine Arts | 01 | |
| D.El.Ed. | Principal | 01 | Qualification as NCTE/UGC/State Govt Norms. |
| | Perspective in Education | 03 | |
| | Pedagogy of Science | 02 | |
| | Pedagogy of Humanities & Social Science | 02 | |
| | Pedagogy of Mathematics | 02 | |
| | Language (Hindi/English/Sansk.) | 03 | |
| | Fine Arts/Performing Arts | 02 | |
| | Health & Physical Education | 01 | |

Qualification for all above post, Salary strictly as N.C.T.E. AND U.G.C. Norms under college code 28 To Apply mail Your C.V. to aseb219@gmail.com within 05 days or post on following address to Secretary, Abhilashi Sanskritik Evam Shaikshanik Samiti, B-19 Machana Colony Shivaji Nagar Bhopal (M.P.) Pin-462016

4673

कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई जिला सागर (म.प्र.)

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2024/2084 खुरई दिनांक 26.02.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_337642_1 27.02.2024 | Appointment of project Development and Management Consultant for Supervision of Various Running and Proposed Development works in Khurai Town under Municipal Council Khurai. | 12 माह 995000/- | 2000/- 19900/- | 13.03.2024 |
| 2. | 2024_UAD_337766_1 27.02.2024 | वित्तीय वर्ष 2024-25 जलप्रदाय शाखा में आवश्यक सामग्री क्रय करने का कार्य। | 12 माह 999000/- | 2000/- 10000/- | 13.03.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खुरई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खुरई

मध्य रेल
नागपुर मंडल
ई-निविदा सूचना क्र.
NGP/GSU/EL/TRD/2023-24/28
दिनांक: 23/02/2024

**कार्य का नाम:** 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन में आमला-नागपुर खंड में मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी एटी फीडिंग सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए ओएचई संशोधन कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.120,64,01,491.35/-(रु एक सौ बीस करोड़, चौंसठ लाख, एक हजार, चार सौ एकानबे और पैंतीस पैसे मात्र). **बयाना राशि:** रु. 61,82,000.00/- (रु एकसठ लाख, बयासी हजार मात्र). **निविदा बंद होने की तारिख एवं समय: 21-03-2024 @ 15:00 Hrs. वेब साईट:** इस ई-निविदा की अधिक जानकारी तथा ई-टेंडरींग/ ऑन लाइन भाग हेतु संपूर्ण सूचना रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मु.यो.प्र.(ग.श.वि.), नागपुर 457

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

आम सूचना

एक किला प्लाट नंबर 395-बी, जिसका क्षेत्रफल 450 वर्गफुट है, जो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अशोका गार्डन, मुख्य मार्ग से अंदर, वार्ड नंबर 69, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नोशाद उद्दीन कुरैशी के एक स्वत्व, स्वामित्व का एक किता प्लाट नंबर 395-बी, जिसका क्षेत्रफल 450 वर्गफुट है, जो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अशोका गार्डन, मुख्य मार्ग से अंदर, वार्ड नंबर 69, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व में प्लाट नंबर 396, पश्चिम में प्लाट नंबर 394, उत्तर में कॉलोनी रोड, दक्षिण में प्लाट नंबर 400 स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमती नगमा बी पत्नी श्री शाहीद खान ने विक्रेता श्री नोशाद उद्दीन कुरैशी से अनुबंध पत्र निष्पादित कर दिया है एवं उक्त संपत्ति के पंजियत विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष है। यह कि उक्त संपत्ति के दस्तावेज से संबंधित पूर्व का मूल पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06.09.1997, जिसका विवरण उप-पंजीयक कार्यालय भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-3, ग्रन्थ नंबर 561 एवं दस्तावेज 806 पंजीकृत है। वह श्री नोशाद उद्दीन कुरैशी से कहीं गुम हो गया था तथा काफी खोजबीन करने पर भी नही मिल पाया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमती नगमा बी पत्नी श्री शाहीद खान द्वारा मेरे पक्षकार CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED (CIFCL) में उक्त संपत्ति को बंधक रख ऋण लिया जा रहा है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक शासकीय अशासकीय विभाग को इस संबंध में कोई आपति हो तो वह आगामी सात (07) दिवस में मेरे कार्यालय में आकर लिखित आपति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा इसके बाद कोई भी आपति मान्य नहीं होगी तथा संपत्ति पर प्रथम भार CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED (CIFCL) का ही होगा।

वैभव राजन सक्सैना अधिवक्ता
Offce: at 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower, Teshil Huzur, Distt. Bhopal Mob.9424424777

4681

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्रमांक 4897/ राजस्व/भोविप्रा / 23
भोपाल, दिनांक. 21/2/2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की राजधानी परियोजना सेक्टर-योजना में स्थित भूखण्ड/ भवन क्र.-सी-08 श्री एम.के. मित्तल आ. श्री बी.डी. मित्तल के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री एम. के मित्तल S/o श्री बी.डी. मित्तल का स्वर्गवास दिनांक 21/04/2023 को हो जाने के कारण आवेदक/ वारिसों क्रमशः श्री रवि मित्तल 2. श्री अनिल मित्तल, 3. श्री अरुण मित्तल, 4. श्रीमती रीता अग्रवाल सभी पुत्र एवं पुत्री स्व. श्री एम.के. मित्तल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/ भवन अपने नाम पर/ संयुक्त नाम पर नामांतरण कराना चाहा है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

4672

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal

Presiding Officer: सुश्री अंकिता श्रीवास्तव

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJC SUC/0000023/2024)

अब्दुल रज्जाक............. आवेदक VS
फेहमीदा बी.... अनावेदक

Process ID/2024
पेशी दि.: 27/03/2024

**प्रेषिती-1.** सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण (2) आम जनता। **आम जनता** को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रज्जाक पता ने मृतक मेहफूजा पुत्री, अब्दुल वाहिद निवासी-12/2 गर्ल्स स्कूल के पीछे जहांगीराबाद भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 March 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 March 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 22 February 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

4671

सील

अंकिता श्रीवास्तव, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)